## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–30.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में दिया जवाब, कहा– दुनिया के किसी नेता ने भारत से अभियान रोकने को नहीं कहा।**
2. **झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर स्पीकर ने आज बुलायी अधिकारियों की बैठक, कल होगी सर्वदलीय बैठक।**
3. **राज्य में माओवादियों के खिलाफ अभियान तेज, खूंटी में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की साजिश विफल की, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद।**
4. **दुमका, गिरिडीह और धनबाद समेत राज्य के छह जिलों में आज भारी से अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**
5. **134वें डुरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जमशेदपुर एफसी का विजय अभियान जारी, भारतीय सेना को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्व के किसी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा है। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने अमेरिका के दबाव में पाकिस्तान के साथ युद्धविराम समझौते पर सहमति देने के विपक्ष के आरोप को खारिज किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ही भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने का आग्रह किया था और कहा था कि वे अब और नहीं सह सकते।

*******************

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री के जवाब की झारखंड भाजपा ने सराहना की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृहमंत्री ने विपक्ष को आइना दिखा दिया है।

*******************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से शुरु हो रहा है। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने आज अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक बुलायी है। बैठक में लंबित आश्वासनों पर रिपोर्ट, समय पर विधेयक विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। विधानसभा अध्यक्ष कल सर्वदलीय बैठक भी करेंगे।

*******************

इधर, सत्र शुरु होने से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा है कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर वह सरकार को घेर सके।

इस पर भाजपा ने कहा है कि विपक्ष के पास मुद्दों की कोई कमी नहीं है। पार्टी विधायक सीपी सिंह ने छोटा सत्र आहूत करने के लिए भी राज्य सरकार की आलोचना की।

*******************

इस बीच  सत्र को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल सत्तारुढ़ दल के विधायकों की बैठक बुलायी है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री फिलहाल दिल्ली में हैं लेकिन वे आज शाम को रांची लौट सकते हैं।

*******************

झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को लेकर राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की बैठक हुई। इस दौरान खनन, पर्यटन, कृषि, ऊच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, श्रम शक्ति सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाएं तलाशी गईं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ संभावनाओं पर भी चर्चा हुई

*******************

सरकार ने एक सिंतबर से राज्य में नयी उत्पाद नीति लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उत्पाद मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ इस नयी नीति लागू किया जाएगा।

*******************

केन्द्र सरकार के अगले वर्ष मार्च तक पूरे देश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प को देखते हुए राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। राज्य के अलग–अलग हिस्सों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस कड़ी में सुरक्षा बलों ने खूंटी में नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाए गए 10 बंडल कोडेक्स वायर एक्सप्लोसिव  बरामद किया है। इसे सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया था।

*******************

केंद्र सरकार की पीएम जनमन योजना पाकुड़ जिले के पीवीटीजी परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों में आज भारी से अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार आज देवघर, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, बोकारो और धनबाद जिले में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र ने कहा है कि कल के बाद मानसून की सक्रियता में थोड़ी कमी देखी जा सकती है।

*******************

जमशेदपुर में आयोजित 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी मुकाबलों में जमशेदपुर एफसी का विजय अभियान जारी है। सनन मोहम्मद के दूसरे हाफ में किये गये गोल की मदद से जमशेदपुर एफसी ने कल भारतीय सेना पर 1–0 से जीत दर्ज की। जमशेदपुर एफसी की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे उसकी टीम दो मैच में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गई है और अब नॉकआउट चरण में जगह बनाने के करीब है।

*******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री के जवाब को  पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- **दैनिक भास्कर** ने लिखा है– झारखंड राज्य आवास बोर्ड लोगों को घर बनाने के लिए बेचेगा जमीन।
- **हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– साइबर ठगी से जुड़े 40 बैंक खातों पर एफआइआर दर्ज।
- **प्रभात खबर** लिखता है– राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कल कोलकाता से देवघर पहुंचेंगी, रात्रि विश्राम रांची में।
- **दैनिक जागरण** ने लिखा है– इसी वर्ष होगी 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा।

******समाप्त**************